NOC

पत्रांकः—10/न 1 —13/2017..............

## शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

प्रेषक,

आर० पी० एस० 'रंजन'
निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

सेवा में,

अध्यक्ष,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेंटर,
नई दिल्ली—110092

पटना, दिनांक..........................

विषयः— डी० ए० भी० पब्लिक स्कूल, नारायण नगर, नेवाजी टोला, चौक, छपरा सदर, सारण को CBSE बोर्ड, नई दिल्ली से संबंद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण—पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है डी० ए० मी० पब्लिक स्कूल, नारायण नगर, नेवाजी टोला, चौक, छपरा सदर, सारण को अनापत्ति प्रमाण—पत्र देने के संबंध में उक्त विद्यालय के प्राचार्य/सचिव/विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराये गये कार्यपालक दण्डाधिकारी के समक्ष लिये गये शपथ—पत्र के साथ संलग्न उक्त विद्यालय के अभिलेखों/कागजातों की समीक्षा विभाग की सक्षम समिति द्वारा की गयी। तदनुसार विद्यालय की स्थिति निम्न प्रकार पाई गई :—

1. यह विद्यालय डी० ए० भी० कॉलेज ट्रस्ट एण्ड मैनेजमेंट सोसाइटी के अधीन संचालित है। इस ट्रस्ट में किसी एक व्यक्ति/परिवार का प्रभुत्व नहीं है। सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य का ब्यौरा दिया गया है तथा शपथ पत्र भी दिया गया है।
2. विद्यालय प्रबंधन द्वारा किसी अन्य निबंधित सोसाइटी/न्यास के फ्रेन्चाईजी अथवा किसी विद्यालय के ब्रांड नेम उपयोग नहीं करने का दावा किया है।
3. विद्यालय को 2.43 एकड़ (ग्रामीण) उपलब्ध है। विद्यालय का भवन है तथा पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला उपलब्ध हैं। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं अन्य सभी सुविधायें बोर्ड के मानक के अनुरूप है अथवा नहीं।
4. विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति है। विद्यालय में कुल 13 शिक्षक है। सी० बी० एस० ई०, नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षकों की नियुक्ति, उनकी योग्यता एवं प्रशिक्षण राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के मापदण्डों के अनुरूप है अथवा नहीं।
5. विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ाये जाने का दावा किया गया है।
6. विद्यालय द्वारा निर्धारित, शुल्कों, वार्षिक लेखा अंकेक्षण तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्रतिवर्ष सार्वजनिक करने का आश्वासन दिया गया है। विद्यालय अपने आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई करे इसे सी० बी० एस० ई०, नई दिल्ली को सुनिश्चित करना होगा।
7. विद्यालय के द्वारा लिखित रूप से सहमति दी गयी है कि उसे विभागीय अधिसूचना संख्या—238, दिनांक—04.04.2006 में उल्लेखित अपेक्षित शर्तें स्वीकार है।

**अपेक्षित शर्तो के अनुसारः—**

(i) विद्यालय में कुल क्षमता का 25 प्रतिशत निःशुल्क नामांकन पड़ोस में निवास करने वाले परिवार के बच्चों को किया जायेगा तथा उनसे ट्यूशन शुल्क अथवा किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। ऐसे बच्चों की श्रेणी में अनुसूचित जाति, अनु० जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग बालिकाएं

Principal
D.A.V. Public School
Sidhwalia Chapra

D.A.V. PUBLIC SCHOOL
C.B.S.E
Affiliation No
330832
Sidhwalia, Chapra (Bihar)

तथा सामान्य श्रेणी के परिवार जिनकी आय प्रतिवर्ष रूपया 2,00,000/-(दो लाख रूपये मात्र) से कम होगा, को रखा गया है।

(ii) विद्यालय में नर्सरी/के० जी० अथवा प्राथमिक कक्षा में नामांकन के लिए किसी तरह की प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार (बच्चों एवं माता/पिता सहित) नहीं लिया जायेगा। अगर नामांकन के लिए आवेदन निर्धारित क्षमता से अधिक हो तो खुले तरीका से Draw of Lots के माध्यम से नामांकन के लिए बच्चों का चयन किया जायेगा।

(iii) नर्सरी/के०जी० तथा प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालय से आवास की दूरी अधिकतम एक किलामीटर एवं उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षा में नामांकन हेतुं अधिकतम दूरी तीन किलोमीटर तक रहेगी।

(iv) जिन बच्चों का नामांकन नहीं होता है उनसे ली गई आवेदन शुल्क की राशि का 80 प्रतिशत राशि वापस लौटाने की व्यवस्था होगी।

8. यद्यपि कि विद्यालय का प्रबंधन द्वारा सभी अनिवार्य शर्त्तो को पूरा करने के संबंध में शपथ पत्र के माध्यम से दावा किया गया है, फिर भी सी० बी० एस० ई०, नई दिल्ली अपने स्तर से जाँच कर यह सुनिश्चित हो लें कि विद्यालय उनके द्वारा निर्धारित मापदण्ड के आधार पर संचालित है।

9. साथ ही सी० बी० एस० ई०, को यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित विद्यालय के द्वारा अपनी सहमति के अनुसार अनिवार्य एवं अपेक्षित शर्तो का अनुपालन किया जा रहा है। स्कूल को यह शर्त्त सार्वजनिक करनी होगी तथा इसका उल्लेख प्रोस्पेक्टस एवं वेबसाईट में करना होगा। शर्त्तो के उल्लंघन की स्थिति में अनापत्ति प्रमाण-पत्र वापस ले लिया जायेगा तथा सम्बद्धन रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

10. विभागीय पत्रांक-46, दिनांक-18.01.2009 द्वारा शिक्षक/छात्रों को शारीरिक दण्ड नहीं दिए जाने संबंधी आदेशों का विद्यालयों द्वारा पालन करना होगा।

11. विद्यालय, बिहार सरकार के शिक्षा विभाग अथवा स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षी पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण हेतु किसी भी समय खुला रहेगा।

उपर्युक्त वर्णित शर्त्तो के आलोक में विभागीय समिति द्वारा लिये गये निर्णयानुसार डी० ए० भी० पब्लिक स्कूल, नारायण नगर, नेवाजी टोला, चौक, छपरा सदर, सारण को सी० बी० एस० ई०, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र इस शर्त्त के साथ प्रदान किया जाता है कि सी० बी० एस० ई० अपने स्तर से संतुष्ट होने पर ही विद्यालय की संबंधता देने पर विचार करेगी।

विश्वासभाजन

ह०/-

(आर० पी० एस० 'रंजन')

निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

ज्ञापांक :-10/न 1-13/2017 ........ पटना, दिनांक........

प्रतिलिपि :- जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

ह०/-

निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

ज्ञापांक :-10/न 1-13/2017 37 पटना, दिनांक 15/1/18

प्रतिलिपि:-प्राचार्य, डी० ए० भी० पब्लिक स्कूल, नारायण नगर, नेवाजी टोला, चौक, छपरा सदर, सारण को सूचनार्थ, एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/01/2018

निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

Principal
D.A.V. Public School
Sidhwalia Chapra

D.A.V. PUBLIC SCHOOL
C.B.S.E
Affiliation No
330832
Sidhwalia, Chapra (Bihar)

बिहार शिक्षा परियोजना सारण,
नगरपालिका चौक, जिला परिषद
छपरा– 841301

Bihar Education Project Saran,
Municipal Chowk, Zila Parishad
Chapra- 841301

पत्रांक 44/SSA

दिनांक 08/01/2019

प्रेषक,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0 शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, सारण।

सेवा में,

अध्यक्ष / व्यवस्थापक / प्रबंधक
डी0 ए0 भी0 पब्लिक स्कूल, छपरा।

विषय – विद्यालय का पता परिवर्तन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि बच्चों के मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 की धारा 18 के प्रयोजनार्थ बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली के नियम (11) के उपनियम 5 के अन्तगर्त विद्यालय को वर्ग 1 से वर्ग 8 तक संचालन हेतु 03 वर्ष (25 मार्च 2017 से 24 मार्च 2020 तक) के अवधि के लिये औपबंधिक पत्रांक SSA/AFF/2016-17/0236/408 दिनांक 25.03.2017 प्रस्वीकृति प्रदान की गई है। आपके आवेदन के आधार पर विद्यालय का नया भवन निर्माण होने के कारण विद्यालय का पत्ता–नारायण नगर, नेवाजी टोला छपरा से बदलकर सिधवलिया, पोस्ट–फकुली, मौजा– ब्रहम्पुर, थाना– मुफ्फशील छपरा सारण है।

विश्वासभाजन

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0 शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, सारण।

Principal
D.A.V. Public School
Sidhwalia Chapra

D.A.V. PUBLIC SCHOOL
C.B.S.E
Affiliation No
330832
Sidhwalia, Chapra (Bihar)

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

D:\SEEMA -MIS\KGBV\KGBV.doc. Phone & Fax – 06152-231815 E-mail ID-bepssa.saran@gmail.com